'अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई और राजस्व बढ़ोतरी रहेगा प्रथम लक्ष्य'

टी. रविकांत ने संभाला खनन विभाग के प्रमुख सचिव का जिम्मा

जयपुर । प्रमुख शासन सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकांत ने माइंस विभाग के अधिकारियों को मैसेज देते हुए कहा है कि वैध खनन को बढ़ावा, अवैध खनन पर सख्त कार्यवाही व राजस्व बढ़ोतरी हमारा ध्येय होगा। उन्होंने बजट घोषणाओं की समयवद्ध क्रियान्विति पर जोर दिया है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी टी. रविकांत शुक्रवार को प्रमुख शासन सचिव माइंस का कार्यभार संभालने के बाद माइंस व पेट्रोलियम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समन्वित प्रयासों से माइंस क्षेत्र में विकास की गति को बनाए रखना है। उन्हांने एक्सप्लोरेशन कार्य में और अधिक तेजी लाने और ऑक्शन कार्य का रोडमेप बनाकर आगे बढ़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम भावना से कार्य करते हुए देश दुनिया के नक्शे पर राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाना है। अतिरिक्त निदेशक माइंस बीएस सोढ़ा ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सुनील वर्मा, जेएलआर गजेन्द्र सिंह, एसएमई एनएस शक्तावत, केसी गोयल, उप निदेशक पेट्रोलियम रोहित मल्लाह सहित अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

सिंजारे पर गणपति के हाथों पर लगाई मेहंदी

जयपुर । गणेश जन्मोत्सव शनिवार को विभिन्न शुभ योग-संयोग में मनाया जाएगा। छोटीकाशी के सभी गणेश मंदिरों में अभिषेक-श्रृंगार-आरती के आयोजन होंगे।

शुक्रवार को सिंजारा पर्व मनाया गया। मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में गणेशजी को सोजत से मंगाई गई 3100 किलो मेहंदी धारण कराई गई। मेहंदी धारण कराकर पांच स्थानों से मेहंदी का वितरण किया गया। महिला और कन्याओं को डोरा एवं मेहंदी वितरण की अलग व्यवस्था की गई।

सिंजारे पर भगवान गणेशजी का विशेष श्रृंगार कर स्वर्ण मुकुट धारण कराया गया। गणेशजी को मोती, सोना, पन्ना, माणक सहित अन्य रत्नों का नौलखा हार धारण कराया गया। शाम को भक्ति संध्या का आयोजन भी किया गया। इस दौरान मंदिर की आकर्षक सजावट और रोशनी की गई। शनिवार को मंदिर में गणेश जन्मोत्सव का मेला लगेगा। सुबह चार बजे मंगला आरती के साथ दर्शन शुरू हो जाएंगे। सुबह 11.20 बजे विशेष पूजन के बाद साढ़े ग्यारह बजे श्रृंगार आरती होगी। भोग आरती दोपहर 2.15 बजे, संध्या आरती शाम 7 बजे और शयन आरती रात 11.45 बजे होगी।

डॉ. जितेन्द्र सोनी ने संभाला जयपुर कलक्टर का पदभार

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता बताया

जयपुर । डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शुक्रवार को जयपुर जिला कलक्टर का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने उन्हें चार्ज सौंपा। डॉ. सोनी ने कहा कि जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों के साथ मिलकर राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए के गुड गवर्नेंस की परिकल्पना को साकार करना उनका लक्ष्य रहेगा।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की परिवेदनों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया जाएगा। साथ ही, ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देते हुए ई-फाइल सहित अन्य आईटी आधारित नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

पदभार ग्रहण करने के बाद जिला कलक्टर ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) नीलिमा तक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) राजकुमार कस्वां, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) सुमन पंवार, उपखण्ड अधिकारी जयपुर-प्रथम राजेश जाखड़, उपनिदेशक जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी हेत प्रकाश शर्मा सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में बतौर मिशन निदेशक जिम्मेदारी निभा चुके हैं। साथ ही, उन्हें

प्रोफेसर जहूर खां को मिलेगा पुरस्कार

जयपुर । साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों में संलग्न प्रयास संस्थान, चूरू द्वारा वार्षिक साहित्य पुरस्कारों की शृंखला में राजस्थानी भाषा, साहित्य की सेवा क्षेत्र में समग्र योगदान के लिए दिए जाने वाला कन्हैयालाल रतनलाल पारख राजस्थानी साहित्य पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए जोधपुर निवासी राजस्थानी के वरिष्ठ निबंधकार प्रोफेसर जहूर खां मेहर को दिया जाएगा।

प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि सुंदरदेवी लक्ष्मीदेवी पारख ट्रस्ट, कोलकाता के मुख्य ट्रस्टी एवं ऑरबिट ग्रुप के संयोजक, चूरू मूल के उद्योगपति बसंत कुमार पारख के सौजन्य से प्रयास संस्थान प्रवर्तित पुरस्कार हेतु इस वर्ष राजस्थान साहित्य के वरिष्ठ हस्ताक्षर, जोधपुर निवासी प्रो. जहूर खां मेहर का चयन किया गया है। प्रो. मेहर को इसी पंद्रह सितंबर को चूरू में आयोजित समारोह में पुरस्कार राशि इक्कावन हजार रुपये, शॉल, श्रीफल, मानपत्र अर्पित कर सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संस्थान द्वारा इस पुरस्कार से पूर्व में राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार तेजसिंह जोधा नागौर, डॉ. चंद्रप्रकाश देवल अजमेर, डॉ. देव कोठारी उदयपुर एवं मोहन आलोक श्रीगंगानगर को सम्मानित किया जा चुका है।

आवासन आयुक्त ली अफसरों की बैठक

जयपुर । भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी रश्मि शर्मा ने शुक्रवार को आवासन मंडल के मुख्यालय आवास भवन में आयुक्त का पदभार संभाला। उन्होंने मुख्यालय के अफसरों की बैठक लेकर तमाम परियोजनाओं की जानकारी भी ली। रश्मि शर्मा ने मंडल टीम द्वारा पिछले वर्षों में किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए बधाई दी और इस गति को निरंतर बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि आवासन मंडल ने गुणवत्तायुक्त और समयबद्ध तरीके से कार्य करते हुए आमजन का विश्वास पाया है। सभी अधिकारी इस भरोसे को बरकरार रखें। आवासन आयुक्त को इससे पूर्व संबंधित अधिकारियों ने प्रदेश और जयपुर में चल रही विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में पावर पॉइंट प्रजेंटेशन, ड्रोन विडियोज और थ्री डी पिक्चर्स के जरिए जानकारी दी।

मान स्ट्रक्चरल्स ने जीता नेशनल क्वालिटी अवॉर्ड

जयपुर । पावर ट्रांसमिशन स्ट्रक्चर्स के डिजाइन, फैब्रिकेशन, सप्लाई और ईपीसी में अग्रणी कंपनी मान स्ट्रक्चरल्स प्राइवेट लिमिटेड (एमएसपीएल) को एंटरप्रेन्योर इंडिया द्वारा प्रतिष्ठित नेशनल क्वालिटी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। मान स्ट्रक्चरल्स के एमडी गौरव रूंगटा ने बताया कि यह पुरस्कार समारोह भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट उद्यिमयों और संगठनों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल की है और विश्व भर में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सम्मान एमएसपीएल की सर्वोच्च गुणवत्ता प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो कि लगातार अपने वैश्विक ग्राहकों की कड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने में सबसे आगे है। एमएसपीएल की ओर से यह अवॉर्ड वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सेल्स एंड मार्केटिंग) पंकज शर्मा; सीएफओ, अरविंद झालानी और महाप्रबंधक (प्रोडक्शन) चंद्रशेखर द्वारा प्राप्त किया गया।

खुद की जगह डमी से परीक्षा दिलवाने वाला गिरफ्तार

जयपुर । स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने कार्रवाई करते हुए स्वयं की जगह डमी परीक्षार्थियों से परीक्षा दिलवाने वाले आरोपित परीक्षार्थी सूरतराम मीणा निवासी बाटोदा सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। जिसे शुक्रवार को अदालत में पेश कर 11 सितम्बर तक रिमांड पर लिया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी वीके सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित परीक्षार्थी सूरत राम मीणा ने राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा 2022 में 24 दिसंबर 2022 को द्वितीय पारी में विज्ञान विषय तथा 29 जनवरी 2023 को सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान विषय की परीक्षा स्वयं ने नहीं दी।

दो माह में ट्रेस किए आमजन के गुम हुए 4864 मोबाइल

जयपुर । पुलिस मुख्यालय की ओर से प्रदेश में आमजन के गुमशुदा या चोरी हुए मोबाईल फोन की तलाशी के लिए जुलाई-अगस्त माह में संचालित विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), साइबर अपराध एवं एसएसीआरबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि मोबाईल चोरी या खोने के सम्बंध में आमजन द्वारा दर्ज शिकायतों के सम्बंध में दो माह तक सभी जिलों में पुलिस अधीक्षकों को कम्प्यूटर तकनीक का प्रयोग करते हुए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे, जिससे ज्यादा से ज्यादा मोबाईल ट्रेस कर उनके धारकों को लौटाए जा सके। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में इस दौरान 4864 गुमशुदा मोबाईल ट्रेस करने में सफलता मिली है, ये मोबाईल जिला पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से शिकायतकर्ता धारकों को वापस सम्भाल गए है। प्रियदर्शी ने बताया कि आमजन मोबाईल चोरी या गुम होने की रिपोर्ट सम्बंधित थाने पर दे या फिर राजस्थान पुलिस के पोर्टल पर।

नॉर्थकेप-4000 पूरा करने वाली देश की प्रथम महिला साइक्लिस्ट बनीं रेणु सिंघी

जयपुर। आयरन लेडी के रूप में पहचाने जाने वाली जयपुर की 59 वर्षीय साइक्लिस्ट रेणु सिंघी ने एक और उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने यूरोप में आयोजित अल्ट्रा साइकिलिंग चैलेंज नॉर्थकेप-4000 को सफलतापूर्वक पूरा किया है और ऐसा करने वाली वे देश की प्रथम महिला बन गई हैं। करीब 4200 किलोमीटर के इस अनसपोर्टेड बाइसाइक्लिंग एडवेंचर के काफी मुश्किल होने से इसमें गिने-चुने साइक्लिस्ट ही शामिल होते हैं। इस बार इसके 44 देशों के 350 प्रतिभागियों में भारत के सिर्फ पांच साइक्लिस्ट थे। इनमें देश की पहली महिला साइक्लिस्ट के तौर पर रेणु सिंघी न सिर्फ शामिल हुईं, बल्कि इसे फिनिश कर देश को गौरवान्वित भी किया। इटली के रोवरेटो से शुरू हुई इस राइड का 4200 किलोमीटर का रूट जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड व नॉर्वे सहित 7 देशों से होते हुए तय किया था। पार्टिसिपेंट्स को 22 दिन में नॉर्वे के नॉर्थकेप पहुंचना था, लेकिन रेणु सिंघी ने यह सफर 19 दिन में ही पूरा कर लिया।

आनन्दी ने जयपुर विकास प्रा. आयुक्त का कार्यभार संभाला

जयपुर । जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त का कार्यभार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आनन्दी ने शुक्रवार को ग्रहण किया। जेडीसी द्वारा शनिवार को मध्यान्ह पश्चात् विधि शाखा तथा रविवार सुबह अभियांत्रिकी, नगर नियोजन, वित्त एवं अन्य प्रकोष्ठों की समीक्षा बैठक ली जायेगी। जेडीसी द्वारा सोमवार से दो-दो जोन उपायुक्तों की प्रतिदिन समीक्षा बैठक ली जायेगी। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की वर्तमान कार्ययोजनाओं, बजट घोषणाओं एवं जविप्रा की योजनाओं को प्राथमिकता से निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ टीम वर्क के साथ पूर्ण करने के प्रयास किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2007 बैच की अधिकारी आनन्दी द्वारा पूर्व में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए सराहनीय कार्य किया गया है।

राधाकृष्ण को समर्पित हवेली संगीत और नृत्य से महकी जवाहर कला केंद्र की शाम

जवाहर कला केन्द्र में तीन दिवसीय सुर ताल उत्सव का शुभारंभ पूर्व आईएएस प्रीतम सिंह, कला प्रेमी कमला पोद्धार, डेल्फीक काउंसिल की अध्यक्ष व वरिष्ठ आईएएस श्रेया गुहा ने किया।

जयपुर । डेल्फीक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को तीन दिवसीय उत्सव सुर ताल का शुभारंभ जवाहर कला केंद्र में हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि हैड ऑफ़ फोरस्ट फ़ोर्स अरिजीत बनर्जी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आईएस संदीप वर्मा रहें। जेकेके में 6 से 8 सितंबर तक चलने वाले इस उत्सव की शुरुआत प्रख्यात फोटोग्राफर शिरीष कर्राले की वर्कशॉप से हुई जहाँ प्रतिभागियों ने प्रैक्टिकल फोटोग्राफी के गुर सीखे ।

पहले दिन महोत्सव की संगीत संध्या में मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी प्रीतम सिंह और विशिष्ट अतिथि कला प्रेमी कमला पोद्धार रहीं। गुजरात के आचार्य रणछोड़ गोस्वामी द्वारा राधा कृष्ण को समर्पित हवेली संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी, जिसमें आचार्य रणछोड़ गोस्वामी के साथ सारंगी पर अर्पित, पखावज पर हिरेन, तानपुरा पर अंकुर सोनी ने शास्त्रीय संगीत ध्रुवपद और धमार द्वारा श्री कृष्ण भक्ति रस के पदों का मधुर गायन किया गया। कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति प्रसिद्ध कोरियोग्राफर संतोष नायर द्वारा निर्देशित विभिन्न शास्त्रीय नृत्यों पर आधारित नृत्य फ्यूज़न वाइब्रेन्ट इंडिया रही जिसमें करीब 30 कलाकारों नें ओडीसी, भरतनाटयम, मोहनीअटम, छाऊ, सूफियाना, सहित देश की विभिन्न नृत्य विधाओं को एक सूत्र में बाँध कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। डेल्फीक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ आईएस अधिकारी श्रेया गुहा ने बताया कि काउन्सिल गत तीन वर्षों में प्रदेश में युवाओं को राज्य की लोक, कला, संगीत की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में सफल रही है। काउंसिल द्वारा आयोजित इस सुर-ताल उत्सव में संगीत, नृत्य, ग़ज़ल गायन आदि कलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जा रही है । उन्होंने कहा कि काउंसिल द्वारा कला प्रेमियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज इस उत्सव का आयोजन किया है जिससे अधिकाधिक क्षेत्रीय संस्कृतियों, कलाओं, विरासतों और परम्पराओं को प्रोत्साहन मिलेगा।

नाबालिग लड़कियों को देह व्यापार में धकेलने वाली गैंग पकड़ी

जयपुर । सदर थाना पुलिस ने नाबालिग लड़कियों को देहव्यापार में धकेलने के लिए भोपाल बुलाने वाली गैंग का शुक्रवार को पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गैंग के सरगना चंचल सोनी उर्फ विनोद (34) निवासी कोतवाली विदिशा मध्यप्रदेश व बदमाश आलोक कुमार (23) निसी माधोगढ जालौन उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर उनकी साथी नाबालिग लड़की को भी निरूद्ध किया है। गैंग में शामिल नाबालिग लड़की देहव्यापार के लिए लालच देकर लड़कियों को फांसकर घर छोड़कर भागने का काम करती थी। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

भागवत कथा 23 से

जयपुर । बद्रीनाथ के मस्तनाथ आश्रम में 23 से 29 सितंबर तक होने वाली भागवत कथा के लिए जयपुर के विभिन्न गणेश मंदिरों में निमंत्रण दिया गया।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

महेन्द्र सोनी ने पदभार संभाला

जयपुर । वरिष्ठ आईएएस अधिकारी महेन्द्र सोनी ने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया।

महेन्द्र सोनी के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव का पदभार ग्रहण करने के पश्चात निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ.पी.बुनकर ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।इसके पश्चात विभागीय कार्य, योजनाओं की उनको जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक चान्दमल वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम राजेन्द्र सोनी से बदलकर राजेन्द्र कुमार सोनी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम राजेन्द्र कुमार सोनी पुत्र श्री मदनलाल सोनी के नाम से जाना-पहचाना जावे। निवासीः ई-171, स्वर्णकार कॉलोनी, आरपीए के सामने, नेहरू नगर, जयपुर, राजस्थान-302016

As per my old passport my name is spelled Hashvardhan singh but in all my documents it is Harshwardhan singh therefore my name should be called and written as Harshwardhan singh Address 244-A, Maruti Nagar, Near Bagrarna, Agra Road, Jaipur, Raj.

खोया पाया

मैं लीलावंती पत्नी धर्मदास वाधवानी निवासी DL25 डबलस्टोरी ओल्ड विद्याधर नगर जयपुर के मकान की पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 03.05.1988 के मूल कागजात विद्याधर नगर दिनांक 30.08.2024 को गुम हो गए है मिले तो सूचित करें- 8107747774

सतवीर (AB06468) और मुकेश (AB04402) का एक्सिस बैंक का मूलआईडी कार्ड 15.05.2024 को सोडाला में खो गया। मिलने पर सूचित करें। 9829221122

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/जोन-6/2024/डी-2040 दिनांक-4/9/24
सार्वजनिक सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री देवेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री रघुवीर सिंह द्वारा रजि.विक्रय पत्र के आधार पर शंकर भवन गृ.नि.स.स. की योजना ग्रीनपार्क-बी के भूखण्ड संख्या 6-ए क्षेत्रफल 156.44 व.ग. का नियमन / पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। उक्त योजना की सदस्य सूची में भूखण्ड संख्या 6-ए अंकित नही है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना के भूखण्ड संख्या 6-ए का नियमन / पट्टा श्री देवेन्द्र सिंह के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
उपायुक्त जोन-6, जविप्रा, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
आम जाहिर सूचना राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-4/502 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 2709 दिनांक 20/10/2000 श्रीमती रेखा तारिका पत्नी श्री अजीत तारिका के पक्ष जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 25/10/2000 को पंजीबद्ध करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती रेखा तारिका पत्नी श्री अजीत कुमार तारिका के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री उदय सिंह राठोड को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 16/06/2005 को करवाया गया। श्रीमती कमला देवी की मृत्यु दिनांक 19/02/2019 को जाने के कारण उनके पुत्र श्री प्रभु सिंह राठोड़ पुत्र श्री उदय सिंह राठौड़ के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, अपंजीकृत वसीयतनामा की छाया प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं वसीयत में अंकित गवाहो का शपथ पत्र इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री प्रभु सिंह राठोड़ पुत्र श्री उदय सिंह राठौड़ के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत्त तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 247/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री उमराव सैनी निवासी 121. दादी का फाटक, बेनाड मार्ग, प्रधान जी की ढाणी खिलारिया जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री खाटू श्याम भुर सिहं भोमिया मंदिर ट्रस्ट, प्रन्यास कार्यालय पता प्लॉट न 52 ढाणी खिलारिया के पास, बेनाड रोड झोटवाडा जयपुर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्म अभिलिदित किया जायेगा।
आज दिनाक 11/7/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 19/9/24
मोहर अदालत
आकाश रजक (आर.ए.एस)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (मानसरोवर)
नगर निगम, ग्रेटर जयपुर
सेक्टर-9, मोखले मार्ग, शिप्रा पथ रोड़, मानसरोवर, जयपुर
क्रमांक :- ज.स.अ./2024/123 दिनांक :- 06/09/2024
ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मानसरोवर) - 14 से 15/2024-25
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मानसरोवर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व http://sppp.raj.nic.in & eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। जिसका sppp पोर्टल यू.बी.ई.एन. नं. JMC2425WSOB00570 To JMC2425WSOB00571 है। उक्त निविदा को http://sppp.raj.nic.in पर दिनांक 05.09.2024 को अपलोड करवा दिया जायेगा।
राज.संवाद/सी/24/4873 अधिशाषी अभियन्ता, मानसरोवर जोन

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) टोडारायसिंह जिला टोंक
क्रमांक-4607/भू.अ./24 दिनांक-04.09.2024
सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी विष्णुनारायण पुत्र राधेश्याम जाति ब्राहमण निवासी उनियाराखुर्द तहसील टोडारायसिंह ने एक प्रार्थना पत्र मय रजिस्ट्रर्ड वसीयत की प्रति प्रस्तुत कर ग्राम उनियाराखुर्द में राधेश्याम पुत्र मोडूलाल जाति ब्राहमण के नाम दर्ज भूमि का नामान्तरण वसीयत अनुसार अपने व अपने भाई शिवनारायण के नाम दर्ज करवाने हेतु निवेदन किया है। इस सम्बन्ध में किसी आम व खास को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालय समय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। नियत अवधि के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
आज्ञा से
तहसीलदार (भू.अ.) टोडारायसिंह

COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
Kumher, Distt. - Deeg, PIN- 321201
Mobile No.: 9414042027 Email: dean.coabharatpur@sknau.ac.in
No. F. /Estt./COA-K/2024/2576 Dated: 05.09.2024
NOTICE INVITING BID
Bid for open tender regarding **Farm Implements** are invited from interested bidders upto 11.00 AM of 19.09.2024 and open on 19.09.2024 at 1 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan state; and www.sknau.ac.in University Website.
NIB code SKN2425A0143 and UBN is: SKN2425GSOB00146
Raj.Samwad/C/24/4878 DEAN

राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड
निविदा सूचना
आर. वी. पी. एन. के पारेषण तंत्र के अंतर्गत विभिन्न 132 केवी सबस्टेशनों के आउटसोर्सिंग माध्यम से संचालन एवं रखरखाव हेतु निविदा सं. RVPN/EHV/A&SP/TN-123 (यूनीक बिड नं.: VPN2425SLOB01305) के तहत इच्छुक फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाइन ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। अंतिम दिनांकः निविदा सं. RVPN/EHV/A&SP/TN-123 के लिए 27.09.2024 (04:00 बजे) है। निविदा की अन्य जानकारी राज्य के प्रोक्यूरमेंट पोर्टल (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) तथा विभागीय वेबसाईट http://energy.rajasthan.gov.in/rvpnl पर देखी जा सकती हैं।
अधीक्षण अभियन्ता
राज.संवाद/सी/24/4836 रा.रा.वि.प्र.नि./TR-6340/2024 (ऑटोमेशन, एन./एम. व एस.पी.), जयपुर

भारतीय मानक ब्यूरो
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार
मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
संसूचक विज्ञापन
विपन संख्या 04(कंसलटेंट)-(एससीएमडी)/2024/एचआरडी
भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है जो कि भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है और देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, सोना/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण करने, इत्यदि के क्षेत्र में गतिविधियों हेतु उत्तरदायी है। बीआईएस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण और प्रमाणन के लिए भी उत्तरदायीहै।
2. भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), परामर्शदाता (कंसलटेंट)-मानकीकरण गतिविधि की भर्ती एक वर्ष के लिए अनुबंध के आधार पर करने के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन अवेदन आमंत्रित करता है। निम्नलिखित निर्धारित उपेक्षित येगयता और अनुभव वाले व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। साराशं इस प्रकर हैः
ए) कुल पदों की संख्या-97
बी)उपरी आयु सीमा-65 वर्ष
ग) प्रति माह पारिश्रमिक-रु75,000/(निर्धारित)
घ) अनुभव और शैक्षिक योगयता-कृपया विस्तृत विज्ञापन देखें
3. विस्तृत विज्ञापन बीआईएस की वेबासाइट www.bis.gov.in पर दिया गया है। उम्मदीवार 07.09.2024 से 27.09.2024 (अंतिम तारीख) तक बीआईएस वेबासाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भी परिस्थिति में आवेदन जमा करने का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. आवेदन शुल्कः शुन्य।
बीआईएवस बिना कोई कारण बताए इसे संशोधित/पुननिर्धारित/रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बीआईएस का निर्णय अंतिम होगा और इस मामले में कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी।
दिनांक-7.9.2024 प्रमुख मानव संसाधन विकास विभाग)
स्थान -नई दिल्ली भारतीय मानक ब्यूरो
CBC 08103/12/0014/2425

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला-जयपुर ग्रामीण (राज.)
chaksuulb.jaipur@gmail.com
क्रमांक/न.पा.चा./2024/1992 दिनांकः- 04.09.2024